राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को चूरू जिले के सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और देश–प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उन्होंने संत मोहनदास के अखंड धूणे पर भी शीश नवाया। इस दौरान राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्र सहित परिवार के अन्य लोग भी उनके साथ रहे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि पूरा प्रदेश, पूरा देश स्वस्थ रहे, प्रसन्न रहे, इस कोरोना महामारी से सुरक्षित रहे और बालाजी महाराज का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, यही कामना है।

हनुमान सेवा समिति के संरक्षक महावीर पुजारी, मांगीलाल पुजारी, धर्मवीर पुजारी, अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी आदि ने राज्यपाल को सालासर बालाजी की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया।

––––